https://www.facebook.com/mandavya.times

# माण्डव्य टाईम्स

मंडी, 25 सितम्बर 2025 (गुरुवार )

Postal No.RNI 68989/98 आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्थी , विक्रमी संवत्-2082 Contact No-89882 91309




# सरदार पटेल विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय कबड्डी व निशानेबाजी चैंपियनशिप का आगाज़

## 252 खिलाड़ियों की धमाकेदार भागीदारी, शानदार मुकाबलों से गूँजा मंडी कॉलेज कैंपस

मंडी, 25 सितंबर, माण्डव्य टाईम्स • संजीव शास्त्री

सरदार पटेल विश्वविद्यालय (एसपीयू) मंडी द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालय पुरुष एवं महिला निशानेबाजी व कबड्डी चैंपियनशिप का शुभारंभ वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में हुआ। तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता 25 से 27 सितंबर तक चलेगी। उद्घाटन जिला परिषद सदस्य एवं मंडी सदर विधान सभा से कांग्रेस की सदस्या चंपा ठाकुर ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को सच्ची खेल भावना से खेलने का संदेश देते हुए कहा कि अनुशासन और मेहनत खेलों में सफलता की कुंजी है। चंपा ठाकुर ने अपने कॉलेज जीवन की खेल यादें साझा करते हुए कहा कि मंडी में निशानेबाजी जैसे खेल तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार के नेतृत्व में कॉलेज की अकादमिक, खेल, एनसीसी और एनएसएस में उत्कृष्ट उपलब्धियों की सराहना की।

**खेल से आत्मविश्वास और राष्ट्रीय एकता का संदेश-** प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया और कहा कि खेल व्यक्ति के समग्र विकास का माध्यम हैं। ये न केवल शारीरिक व मानसिक बल प्रदान करते हैं बल्कि सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय एकता की भावना भी मजबूत करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

**252 खिलाड़ियों का जबरदस्त उत्साह-** शूटिंग प्रतियोगिता अध्यक्ष एवं मीडिया समन्वयक फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने जानकारी दी कि मंडी, कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिलों के विभिन्न महाविद्यालयों से कुल 30 टीमों के 252 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पुरुष निशानेबाजी में 5, महिला निशानेबाजी में 6, पुरुष कबड्डी में 11 तथा महिला कबड्डी में 8 टीमें मैदान में उतर रही हैं। लगभग 100 निशानेबाज पिस्टल और राइफल इवेंट्स में अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं, जबकि कबड्डी प्रतियोगिता में 188 खिलाड़ी दमखम दिखा रहे हैं।


धमाकेदार शुरुआत, मंडी-बासा-सुंदरनगर की जीत- कबड्डी का आगाज़ धमाकेदार रहा। पुरुष वर्ग में पहले मैच में जी.सी. बासा ने जी.सी. धरमपुर को 36–9 से हराया। दूसरे मैच में एम.एल.एस.एम. सुंदरनगर ने एनसीई पंडोह को 54–14 से परास्त किया। वहीं तीसरे मुकाबले में वीजीसी मंडी ने जी.सी. हरिपुर (मनाली) को 73–11 से करारी शिकस्त दी। आयोजन में जुटे प्रबुद्धजन व खिलाड़ी- इस अवसर पर खेल संयोजक डॉ. रविंद्र कुमार, खेल सचिव डॉ. सुनील सेन, एचसीटीए प्रदेशाध्यक्ष डॉ. बनीता सकलानी, राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी हर्ष ठाकुर व मोलक राम, विभिन्न कॉलेजों के प्रभारी, कोच बलविंदर सिंह व धीरज शर्मा सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे।



सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय में अन्तर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ की मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य एवं मंडी सदर विधान सभा से कांग्रेस प्रत्याशी रही चम्पा ठाकुर के साथ पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष तोष कुमार शर्मा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजीव कुमार सहित अन्य गणमान्य।





अंतर महाविद्यालय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन लखनपाल शूटिंग एकादमी में किया गया जिसमे प्रतिभागी खिलाड़ी अपने टारगेट पर निशाना साधते हुए।